### अभिषेक, 56 भोग, सहस्त्र अर्चन, भजन व महाआरती सहित होंगे विविध आयोजन

# तीन दिवसीय पाटोत्सव 3 फरवरी से

**शंकराचार्य चौक में गणेश जी का 35वां स्थापना दिवस**

**सिवनी नवभारत। नगर के शंकराचार्य चौक स्थित श्री गणेश मंदिर (छिंदवाड़ा चौक) में भगवान श्री गणेश जी का 35वां स्थापना दिवस समारोह इस वर्ष 3 फरवरी 2026, मंगलवार से हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। तीन दिवसीय पाटोत्सव के अंतर्गत अभिषेक, पूजन, हवन, दीपदान, भजन एवं महाआरती जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।**

मंदिर समिति के अनुसार यह आयोजन विश्व शांति, प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति, संकट निवारण और मनोकामना पूर्ति की भावना से किया जा रहा है। भक्तजनों से सामूहिक पूजन-अर्चन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया गया है। विशेष रूप से विद्यार्थियों को शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया है।

पहले दिन 3 फरवरी मंगलवार को प्रात: 7 बजे अभिषेक एवं आकर्षक श्रृंगार, 8 बजे सामूहिक गणेश मंत्र जाप व आरती, 12 बजे 56 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग, 3 बजे हवन पूजन, 6 बजे 108 दीपों का दीपदान तथा रात्रि 8 बजे आरती पश्चात महाप्रसाद वितरण होगा।

वहीं दूसरे दिन 4 फरवरी को प्रात: 8 बजे पूजन-आरती, दोपहर 2 बजे सहस्त्र अर्चन के बाद महिला मंडल द्वारा भजन, रात्रि 8 बजे महाआरती होगी। इसी तरह



तीसरे दिन 5 फरवरी (गुरुवार) को प्रात: 8 बजे श्रृंगार, पूजन एवं आरती, दोपहर 3 बजे मासिक गणेश चतुर्थी हवन-पूजन व दीपदान, तत्पश्चात महाआरती संपन्न होगी।मंदिर समिति गणेश मंदिर समिति, श्री शंकराचार्य चौक ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए मंदिर के पुजारी पं. हरिकुमार तिवारी से संपर्क किया जा सकता है।

# घर में भालू घुसने से मची दहशत

**ग्राम वाकल का मामला, वनविभाग ने किया रेस्क्यू**

**उगली नवभारत।** गत दिवस शनिवार की सुबह सिवनी जिलाअंतर्गत पुलिस थाना क्षेत्र उगली के वाकल ग्राम जो पां. छपारा के नजदीक है, में एक वयस्क भालु मुन्नेलाल सैयाम के घर में घुसने से दहशत का माहौल देखकर प्रत्यक्ष दर्शियों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम के अधिकारी अभिसेख मिश्रा व इनके प्रशिक्षित कुशल प्रबंधन द्वारा पेंच टाइगर रिजर्व की टीम और अधिकारियों और पां. छपारा के वन रक्षक एच. एल. दाहिया की उपस्थिति में इस आदमखोर वन्य जीव का सफल रेस्क्यू करने के बाद निकट वाइल्डलाइफ टाइगर सफारी बालाघाट जिले के लालबर्रा निकट सोने वानी जंगल के समीप छोड़ दिया गया।

उक्त आदमखोर वन्य प्राणीं को ट्रेंकुलाइज करके सुरक्षित पिंजरे में डाल दिया गया जिससे किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई,सिवनी जिले के अंतर्गत पां. छपारा जो निकट बालाघाट जिले की सरहद से लगा हुआ,यह सघन वन क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण अंचल आता है, जहां पर कान्हा राष्टीय उद्यान और पेंच टाइगर रिजर्व के मध्य वन्य प्राणी कारीडोर के अंतर्गत यह क्षेत्र आता है,यहां पर जंगली जानवरों की आवाजाही और मूवमेंट आम बात है, वन अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार भालू रेयर एनिमल्स कीश्रेणी में आता हैं जिसको सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया.

## खैरा पलारी में किसान श्रद्धांजलि सभा आज



सिवनी नवभारत। 1 फरवरी रविवार को दोपहर 12:00 बजे से शहीद चौक पलारी बस स्टैंड में विशाल किसान श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है ज्ञात हो कि आज से 25 वर्ष पूर्व 1 फरवरी 2001 दिन गुरुवार को पलारी चौराहा पर पानी बिजली एवं मजदूरों की समस्या को लेकर विशाल किसान, मजदूर आंदोलन किया गया था आंदोलन समाप्ति के उपरांत षड्यंत्र पूर्वक तत्कालीन सरकार के इशारे पर आंदोलन को कुचलने के उद्देश्य से तत्कालीन बजरंग दल के जिला सह- संयोजक राजेश राय की आंदोलन स्थल से 4 किलोमीटर दूर शांतिपूर्ण स्थल पर सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उक्त आंदोलन का नेतृत्व तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य डां. प्रमोद राय द्वारा किया गया था तब से लेकर अब तक विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों के द्वारा उक्त श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है

# कन्हैया गौशाला का 19वां स्थापना समारोह आज



**लखनादौन नवभारत।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. कन्हैयालाल तिवारी के पुण्य स्मरण में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माघी पूर्णिमा में खुरसीपार स्थित कन्हैया गौशाला एवं पर्यावरण समिति के तत्वाधान में 2 दिवसीय वार्षिक उत्सव/स्थापना समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं । नगर मुख्यालय से 3 किमी दूर खुर्सीपार गांव की कन्हैया गौशाला में ग्रामीणजन द्वारा लगभग एक सैकडा गायों की देखभाल कर रहें हैं। दूध देना बंद कर चुकी गायों को आसरा देने 19 साल पहले उक्त गौशाला की स्थापना लगभग 2 एकड रकबे में की गई थी। 5 गायों से शुरू हुई गौशाला में अब गायों की संख्या लगभग एक सैकडा पार कर चुकी हैं। गौशाला व गायों की देखरेख में खर्च होने वाली राशि ग्रामीणों व समिति के सदस्यों द्वारा जुटाई जाती हैं।

स्थापना समारोह के अंतर्गत प्रथम दिवस में रामचरित मानस अखण्ड पाठ, यज्ञ, पूर्णाहुति, गौपूजन, गौ आरती, गौ चालीसा पाठ का आयोजन किया जावेगा। दूसरे दिवस में कन्या भोजन एवं महाभण्डारा, गौपालन पर संक्षिप्त संगोष्ठी, गौधन संवर्धन व गौपालन जागरूकता के उद्देश्य उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं। कार्यक्रम ग्राम खुरसीपार के आसपास के क्षेत्रवासियो एवं नगर लखनादौन सहित आसपास के गौसेवकों का शामिल होने की अपील समिति द्वारा की गई हैं।

## दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए तैयार हो रहा ऐप

**सिवनी नवभारत।** मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सभी कलेक्टर्स से कहा कि वे अपने जिले में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए समन्वित प्रयास करें। पशुपालकों को नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर ध्यान देने से होने वाले आर्थिक लाभों के बारे में जागरूक करें। मत्स्य बीज उत्पादन के लिए जिला स्तर पर अधिकाधिक मत्स्य प्रक्षेत्र विकसित किए जाएं। हर नगरीय निकाय क्षेत्र में फिश पार्लर स्थापित किए जाएं और यह सुनिश्चित करें कि मछली विक्रेता तय फिश पार्लर/मार्केट में ही मछली बेंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नगरीय निकायों में फिश पार्लर बनाये जायेंगे। इसके लिए पृथक से राशि दी

## कोहका फाउंडेशन के प्रोजेक्ट शक्ति के तहत 90 आदिवासी बालिकाओं को कराटे का दिया गया प्रशिक्षण

**सिवनी नवभारत।** आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कुरई, खवासा एवं तुरिया हाई स्कूल की 90 एससी/एसटी वंचित बालिकाओं को कराटे आधारित आत्मरक्षा प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर रेड एवं येलो बेल्ट तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह प्रशिक्षण कोहका फाउंडेशन की पहल प्रोजेक्ट शक्ति के अंतर्गत दिया गया, जो वर्ष 2023 से सिवनी जिले की वंचित बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु कार्यरत है। इस अवसर पर प्रोजेक्ट शक्ति की प्रतिनिधि एवं प्रशिक्षिका रिया पाठक ने कहा, कराटे केवल आत्मरक्षा नहीं सिखाता, बल्कि बालिकाओं को मानसिक रूप से मजबूत, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाता है। हमारा उद्देश्य है कि हर बालिका स्वयं को सुरक्षित और सक्षम महसूस करे।

कार्यक्रम के आयोजक महेंद्र शुक्ला, प्रोजेक्ट मैनेजर, कोहका फाउंडेशन ने कहा, प्रोजेक्ट शक्ति के माध्यम से हम सिवनी जिले की वंचित बालिकाओं को आत्मरक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना से सशक्त बना रहे हैं। इस कराटे प्रशिक्षण का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। बालिकाओं में आत्मविश्वास, एकाग्रता और अनुशासन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। कार्यक्रम की सफलता से उत्साहित होकर कोहका फाउंडेशन ने जिले के सभी वंचित क्षेत्रों में प्रोजेक्ट शक्ति का विस्तार करने का संकल्प लिया है।

# समारोह पूर्वक संपन्न हुआ आल इंडिया व्हालीवाल टूर्नामेंट




**केवलारी नवभारत।** नगर के फ्रेंड्स क्लब केवलारी के तत्वाधान में लगातार दस वर्षों से आयोजित आल इंडिया व्हालीवाल टूर्नामेंट का आज जोरदार समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से आईं टीमों ने भाग लिया। फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष संजीव अवधिया ने बताया कि सुपरलीग मैचों में कुल 19 मैच खेले गए , जिसमें सेमी फाइनल मुकाबले में गुजरात औरंगाबाद व राजस्थान पूना मध्य जोरदार मुकाबले के बाद फाइनल मुकाबले में पूना औरंगाबाद मध्य खेला गया जिसमें पूना टीम ने जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ सहित सभी पत्रकारों का सम्मान फ्रेंड्स क्लब व अतिथियों द्वारा प्रशस्तिपत्र व सम्मान चिन्ह देकर किया। इस टूर्नामेंट में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों में नामचीन खिलाड़ी शामिल थे।प्रथम पुरस्कार 30 हजार रुपए कि राशि व ट्राफी , द्वितीय पुरस्कार 20 हजार रूपये कि राशि व ट्राफी, तृतीय पुरुस्कार 10 हजार रूपये कि राशि व ट्राफी सभी विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार आयोजन के मुख्यातिथि नगर के व्यापारी समाजसेवी सुनील अग्रवाल जी के सौजन्य से स्व. सत्यप्रकाश अग्रवाल एवं स्व. सुमन अग्रवाल की स्मृति में दिया गया। इस तीन दिवसीय आल इंडिया व्हालीवाल टूर्नामेंट में दर्शकों कि भीड़ ने आयोजन में चार चांद लगा दिए वहीं दर्शकों ने भी सभी मैचों का आनंद लिया। पूरे तीन दिवसीय आयोजन में मैचों की कमेंट्री व सफल मंच संचालन शिव चौधरी द्वारा किया अंत में कार्यक्रम आभार रफीक खान द्वारा किया गया।

### एक नजर में

## सुनवारा सेक्टर में पेसा एक्ट के तहत हुआ प्रशिक्षण



सिवनी। जनपद पंचायत धनौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनवारा सेक्टर में पेसा एक्ट द्वितीय दिवस प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें मास्टर ट्रेनर पीसीओ आनंद उइके एवं मोबीलाइजर धनौरा ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया लाल मरावी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सरपंच, पंचगण, सचिव, रोजगार सहायक एंव मोबलाइजर और सभी ग्राम सभा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## आज हिंदू सम्मेलन को संबोधित करेंगी साध्वी सरस्वती



सिवनी। 1 फरवरी, रविवार को दोपहर 2 बजे से पॉलिटेक्निक मैदान बारापत्थर में एक भव्य एवं ऐतिहासिक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह और धार्मिक माहौल देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में प्रख्यात कथावाचिका साध्वी श्री सरस्वती जी द्वारा संबोधित किया जाएगा, वहीं विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं जाने-माने वक्ता श्री जितेन्द्र सिंह पवार जी भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। दोनों वक्ताओं के ओजस्वी विचार और धर्म-संस्कृति से जुड़ा संदेश श्रद्धालुओं व हिंदू समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करेगा।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई बापू की पुण्यतिथि

सिवनी। महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन के प्रागंण में स्थापित गांधी जी की प्रतिमा पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि दी गई, तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पीत की। पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने गांधी दर्शन पर राष्ट्र को समर्पित योगदान पर प्रकाश डालते हुये कहा कि महात्मा गांधी जी की विचारधारा ने ब्रिटिश शासन को परास्त कर भारत देश स्वतंत्रता हुआ, महात्मा गांधी जी के स्वतंत्रता आंदोलन में देश के अनेको अनेक शूर वीरो ने अपने प्राणो की आहूती दी जिसका परिणाम है कि आज देश ही नही विदेशो में भी पूज्य बापू महात्मा गांधी जी के विचारो को गांधी दर्शन के नाम से जाना जाता है और प्रेरणा ले रहें है।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसले का स्वागत

**सिवनी नवभारत।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक और दूरगामी फैसला सुनाया है। कोर्ट के इस फैसले को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय शिवनी की पैरालीगल वालंटियर श्रीमती राजेश्वरी सिंह ठाकुर ने एक बड़ा ऐतिहासिक फैसला बताते हुए स्वागत योग्य बताया है। फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे निजी और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को नि:शुल्क सैनिटरी पैड उपलब्ध कराएं। मामले में सख्ती बरतते हुए कोर्ट ने कहा है कि जो स्कूल ऐसा नहीं कर सकते, उन्हें बंद कर देना चाहिए। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने कहा है कि मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार संविधान में निहित जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है।

## आज मनाई जाएगी संत रविदास जयंती, रैली में देंगे शराब बंदी का संदेश

**सिवनी नवभारत।** क्रांतिकारी कार्यक्रमों के लिए अलग पहचान रखने वाले संत रविदास शिक्षा मिशन मंगली पेठ सिवनी के तत्वाधान में संत रविदास जयंती समारोह आयोजित है। इस अवसर पर आज दोपहर दो बजे से शराब बंदी लागू करने की मांग को लेकर आकर्षक रैली निकाली जाएगी। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर डॉ अंबेडकर चौक पहुंचेगी। जहां संत रविदास जी के संदेश के साथ साथ शराब बंदी लागू करने की मांग की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए रविदास समाज संघ जिला सिवनी के अध्यक्ष रघुवीर अहरवाल ने बताया कि देश के करोड़ों लोग शराब पीने से बर्बाद हो रहे हैं। इससे महिलाओं और बच्चों का जीना बहुत तकलीफदेह हो गया है। आए दिन शराबी लोग दुष्कर्म से लेकर




लड़ाई झगड़े कर रहे हैं। पीकर गाड़ी चलाने वाले लोगों से दर्दनाक एक्सिडेंट होने से सैकड़ों लोग प्रतिदिन अपना जान से हाथ धो रहे हैं। वही अनेक लोग अपाहिज होकर जिन्दगी भर का दर्द झेल रहे हैं। शराब पीकर सड़क डांस करने वाले छेड़छाड़, लड़ाई झगड़े कर रहे हैं। कहीं तो दंगे भी हो रहे हैं। सड़क डांस में जोर शोर से बजने वाले डीजे की आवाज से आम लोगों को बहुत तकलीफ होती है। इस शोर से छोटे बच्चे और बुजुर्ग लोगों को कई प्रकार के रोग हो रहे हैं। डीजे की तेज आवाज से मकानों की दीवारों में कम्पन होता है जो बाद में दीवारों को कमजोर कर देता है। श्री अहरवाल ने आगे बताया कि इस रैली के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार में प्रदेश में शराब बंदी लागू करने की मांग की जाएगी।

# भरत का त्याग विश्व का सर्वश्रेष्ठ आदर्श : लक्ष्मीमणि शास्त्री

**सिवनी नवभारत।** लखनवाड़ा जैतपुर के समीपस्थ गांव खैरीकलां में चल रही श्री रामचरित मानस नवाह परायण ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन शनिवार को कथा प्रवक्ता सुश्री लक्ष्मीमणि शास्त्री जी ने प्रभु श्रीराम की लीलाओं व भरत प्रसंग का वर्णन किया।

रामकथा स्थल में ब्रह्मलीन जगत गुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती जी के शिष्य पं. हितेंद्र पाण्डे (मातृधाम, काशी) महाराज का भी आगमन हुआ।

सुश्री लक्ष्मीमणि जी ने श्रीराम कथा के छठवें दिन भरत मिलाप के प्रसंग में भरत के त्याग को विश्व का सर्वश्रेष्ठ आदर्श बताते हुए लोगों से उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया।उन्होंने आगे बताया कि भगवान श्रीराम ने पिता महाराज दशरथ की आज्ञा का पालन करते हुए 14 वर्ष का वनवास बिना




किसी संकोच के स्वीकार किया। उन्होंने इसे त्याग और पितृ-आज्ञा का अनुपम उदाहरण बताया। सुश्री लक्ष्मीमणि ने कहा कि श्रीराम का वन गमन हमें कर्तव्य और धर्म के महत्व को सिखाता है। कथा का दूसरा प्रमुख हिस्सा चित्रकूट में श्रीराम और भरत का मिलाप था। सुश्री लक्ष्मीमणि ने बताया कि जब भरत को श्रीराम के वनवास और पिता दशरथ के निधन की सूचना मिली, तो वे अत्यंत दुखी हुए। उन्होंने अयोध्या का राजपाट छोड़कर श्रीराम को वापस लाने के उद्देश्य से चित्रकूट की यात्रा की। चित्रकूट में भरत श्रीराम के चरणों में गिर पड़े और दोनों भाइयों की आंखों से अश्रुधारा बहने लगी। श्रीराम ने भरत को समझाया कि पिता की आज्ञा और धर्म का पालन ही जीवन का आधार है। इस प्रसंग को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो उठे। राम कथा में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## शिक्षक अशफाक सम्मानित

सिवनी। गत 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिला मुख्यालय में सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री करणसिंह वर्मा के करकमलों से,सिवनी विधायक दिनेश रॉय मुनमुन व जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले जी की उपस्थिति में अशफाक अंसारी शिक्षक को एसआईआर के मास्टर ट्रेनर की भूमिका के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

**आवश्यकता हैं**

दुकान में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता हैं, ड्रायव्हर 2, (सैलरी 10 से 20 हजार)

समय : सुबह 10 से रात 8, बजे तक

संपर्क :- नारायणी सेल्स, साई हॉटेल के पीछे, तवकल लेआऊट वाडी नागपुर

70288 80502
86003 82146

**एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन जिला सिवनी**

**आवश्यकता है**

इच्छुक मेल फीमेल नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है पता सिवनी रोड समनापुर एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन

संपर्क सूत्र

9752360935
9424657567

**आयेजन** — अण्डर-14 सिंगल्स में जयंत सिंह पटेल विजेता एवं रिद्धिमान पालीवाल उपविजेता, अण्डर-19 सिंगल्स में शैलेन्द्र सेन रहे विजेता

# बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन, बांटे इनाम

**लखनादौन नवभारत।** स्टूडेन्ट स्पोर्टस क्लब लखनादौन नगर की प्रतिभाओं को खेलकूद, गायन, वादन, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच उपलब्ध कराने के साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में अब्वल आने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित करती आ रही हैं इसी कडी में गत दिनों क्लब द्वारा बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक आयोजन किया।

इस बैंडमिंटन प्रतियोगिता में अण्डर-14 सिंगल्स जयंत सिंह पटेल विजेता एवं रिद्धिमान पालीवाल उपविजेता रहें, अण्डर-19 सिंगल्स में शैलेन्द्र सेन विजेता एवं आदित्य बरमैया उपविजेता, डबल्स में कुणाल दीक्षित व आयूष



गोल्हानी की टीम विजेता एवं शिवम मर्सकोले व अर्जुन अवस्थी उपविजेता रहे। ओपन वर्ग सिंगल्स में आयुष सिंह विजेता एवं प्रद्युम्न बघेल उपविजेता, डबल्स में आयुष सिंह व प्रियांश कुशवाहा की टीम विजेता एवं तन्मय अहिरवार व प्रिंस चैकसे की टीम उपविजेता रही, सीनियर -40 वर्ग सिंगल्स में कन्हैया बरमैया विजेता एवं प्रकाश बरमैया उपविजेता, डबल्स में गोपी गोस्वामी व सैयद आफताब अली की टीम विजेता एवं संजय लौहारी व कृष्णगोपाल सेंकर की टीम उपविजेता रही।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल सिंह बघेल एस.डी.ओ. वन विभाग, विशिष्ट अतिथि दीपक निगम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लखनादौन, राजेन्द्र बरमैया अध्यक्ष स्टूडेंट स्पोर्टस् क्लब सहित नवनीत सिंह ठाकुर छपारा, पूर्व खिलाडी विनोद मिश्रा व हारून अंसारी छपारा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में छ: अम्पायर होमेश राजपूत जबलपुर, प्रकाश बरमैया, अनुज पटेल, अभिनव तिवारी, चंदन मिश्रा, अंकित बरमैया ने प्रतियोगिता का सफल बनाने हेतु प्रयास किया। क्लब उपाध्यक्ष भीष्म तिवारी, सचिव अनुराग जैन कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन द्वारा उपस्थित दर्शकों, अतिथियों का इस सफल आयोजन के लिए साधुवाद दिया।

## एनडीपीएस का आरोपी हुआ दोष मुक्त

**सिवनी।** स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 अर्थात एनडीपीएस एक्ट 1985 के अंतर्गत बरघाट पुलिस द्वारा धारना निवासी अभियुक्त के विरुद्ध अपराध कायम कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय सिवनी के समक्ष प्रस्तुत किया था। इस मामले में अभियोजन ने अपने साक्ष्य प्रस्तुत कीए अभियोजन साक्षी ने बताया कि अभियुक्त के पास से गांजा बरामद हुआ था तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने तिरुमलेश शर्मा को दोष मुक्त कर दिया।

## सर्ववर्गीय सेन समाज की बैठक आयोजित : समाज उत्थान पर हुई चर्चा

**सिवनी नवभारत।** सर्ववर्गीय सेन समाज की बैठक का आयोजन सिवनी नगर के सिद्धपीठ मठ मंदिर में शनिवार को किया गया, जिसमें जिले भर से समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में समाज के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। तय हुआ कि सर्व वर्ग के सदस्यों को साथ लेकर जिले के सभी ब्लॉक में सामाजिक जनों को संगठित करने का कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान वक्ताओं ने समाज को संगठित रहने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही विकास का सबसे मजबूत आधार है। समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहयोग, मार्गदर्शन एवं संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति बनी। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास तथा रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं तैयार करने का सुझाव दिया गया। सामाजिक एकता को मजबूत करने, उपजातियों के बीच समन्वय




बढ़ाने तथा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने पर भी जोर दिया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि संगठित प्रयासों से ही समाज की पहचान मजबूत होगी और नई पीढ़ी को बेहतर दिशा मिल सकेगी। बैठक में आगामी समय में समाज के विकास से जुड़े कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान समारोह तथा सामाजिक जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया।